## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–08.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा का चार दिवसीय सत्र कल से होगा शुरू, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू।
- विधानसभा सत्र को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष तैयार, बैठकों का दौर में किया गया विचार विमर्श ।
- चाईबासा में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की नक्सल अभियान की समीक्षा बैठक, कहा – झारखण्ड जल्द होगा नक्सल मुक्त, ग्रामीणों ने चलाया ऑपेरशन सेंदरा।
- मौसम विभाग ने रांची समेत कई जिलों में बारिश का जताया पूर्वानुमान, किसानों को धान संग्रह कर लेने की दी सलाह
- सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवान अमित गोप ने जीता रजत पदक, कुश्ती संघ ने दी बधाई।

***************

विधानसभा सत्र नौ दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक ना हो, इसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर विधानसभा सत्र की अवधि के दौरान झारखंड विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

***************

विधानसभा सत्र को लेकर आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों की अलग–अलग बैठकें हो रही हैं। कल से शुरू होने वाले इस सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा रणनीति बनाई जा रही है। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर इंडी गठबंधन के झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायकों की बैठक हुई जिसमें छठी विधानसभा के पहले सत्र को लेकर विचार–विमर्श किया गया।

***************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में रांची के नगड़ी में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश सदस्यता प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय सहित विधायकगण भी उपस्थित थे।

उधर, आजसू पार्टी कार्यालय में सुदेश महतो के नेतृत्व में समीक्षा बैठक हुई जिसमें उन्होंने पार्टी के प्रत्याशियों के साथ चुनाव में हुई हार को लेकर मंथन किया।

***************

झारखण्ड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने आज चाईबासा में नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में 95 प्रतिशत नक्सल समस्या को खत्म कर दिया गया है और शेष बचे इलाकों को भी जल्द ही नक्सल मुक्त कर दिया जायेगा।

***************

चाईबासा के गुदड़ी प्रखंड में प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर और उसके एक साथी को स्थानीय ग्रामीणों ने मार डाला है। यह घटना टोमडेल पंचायत के कोमाय जंगल के पास की बताई जा रही है। चाईबासा रेंज के डीआईजी मनोज रतन चौथे ने पुष्टि की है कि किसी वारदात को अंजाम देने आए पीएलएफआई के कमांडर को ग्रामीणों द्वारा मारे जाने की सूचना है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि पीएलएफआई उग्रवादियों ने हाल के दिनों में गांवों में कई निर्दोष लोगों को निशाना बनाया था, साथ ही वाहन चालकों और ग्रामीणों को डरा–धमका कर लेवी वसूलने की घटनाओं को अंजाम दिया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने उग्रवादियों के खिलाफ सामूहिक अभियान चलाने का फैसला किया और वे पिछले कुछ दिनों से इन इलाकों में पहाड़ी के 40 किमी दायरे में ऑपरेशन सेंदरा (शिकार) चला रहे हैं। इस घटना पर

अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि अब ऐसी स्थिति बन रही है कि नक्सलियों का विरोध ग्रामीण स्वयं कर रहे हैं।

***************

पोलियो मुक्त भारत बनाये रखने के लिए राज्य के उच्च जोखिम वाले सात जिलों में आज से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की शुरूआत हुई है। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। 10 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। देवघर जिले में 1 हजार 415 बूथों के माध्यम से बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। पाकुड़ जिले के उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने पुराना सदर अस्पताल परिसर में बच्चो को दो बूंद खुराक पिलाकर इस अभियान का उद्घाटन किया और कहा कि अगले दो दिन डोर टू डोर सर्वे होगा। इधर गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने कहा कि गिरिडीह जिले में चार लाख 91 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

***************

सीमा सुरक्षा बल आज साठवां स्थापना दिवस मना रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोधपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बीएसएफ के जवानों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने वीर शहीदों को श्रद्धाजंलि भी दी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 6 दशक से पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा सुरक्षा बल ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

साउंड बाइट – अमित शाह – 23 सेकेंड

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे देश की सीमा सुरक्षा संबंधी नीति कई वर्षों तक अस्पंष्ट रही, परन्तु मोदी सरकार ने इस बारे में गंभीरता से काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है।

***************

दुमका जिले के किसानों ने कम सुविधा वाले इलाकों में भी सरसों की अच्छी खेती की है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

मौसम विभाग ने रांची, पलामू, समेत राज्य के कई जिलों में आज और कल हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण कई जिलों में बारिश की संभावना है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि वे धान की फसल को सुरक्षित स्थान पर संग्रह कर लें।

***************

झारखंड के पहलवान अमित कुमार गोप ने सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीत लिया है। 6 से 8 दिसंबर तक बेंगलुरू में आयोजित इस प्रतियोगिता में 77 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने अपनी जीत दर्ज की। अमित कुमार की इस उपलब्धि पर भारतीय कुश्ती संघ और झारखंड कुश्ती संघ ने शुभकामनाएँ दी हैं।

******समाप्त******